बृहस्पतिवार
09 नवम्बर 2023



पृष्ठ 3
**रजनीकांत की जेलर का रिकॉर्ड तोड़ने से चंद कदम दूर है विजय थलापति की लियो**



पृष्ठ 8
**तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की सांसदी पर लटकी तलवार**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 268
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

यदि असंतोष की भावना को लगन व धैर्य से रचनात्मक शक्ति में न बदला जाए तो वह खतरनाक भी हो सकती है।
– इंदिरा गांधी

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

# देवभूमि कहलाना गर्व की बात: मुर्मू

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य में हो रहे ढांचागत विकास और आपदा प्रबन्धन के सशक्त प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि को देवभूमि कहे जाने की परम्परा गर्व का विषय है।

राष्ट्पति द्रोपदी मुर्मू आज यहां राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड तेज गति से प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। 9 नवम्बर 2000 को तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में उत्तराखण्ड को 27वें राज्य के तौर पर मान्यता दी गयी थी। बीते 23 वर्षो में उत्तराखण्ड में तेजी से ढांचागत विकास के कार्य हुए है।





उन्होने आपदा प्रबन्धन में प्रगति को सराहनीय बताते हुए कहा कि उन्हे अभी राज्य में बड़े स्तर पर होने वाले निवेश और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की जानकारी दी गयी है। जिसमें समिट से पहले ही एक लाख 21 हजार करोड़ रूपये एमओयू साइन किये जा चुके है। जिन्हे धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर खुलेंगें।

राज्य स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जहां एक तरफ राज्य में मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए नयी योजना शुरू करने की बात कही वहीं उन्होने कहा कि उनके कार्यकाल में उन्होने बहुत सारे काम ऐसे किये है जो पहली बार किये गये है। उन्होने कहा कि भर्ती घोटालों पर कार्यवाही के जरिए भ्रष्टाचार को रोकने के कड़े कदम उठाये गये है। नकल विरोधी कानून और धर्मान्तरण पर सख्ती से रोक लगाने, लैंड जेहाद और लव जेहाद के खिलाफ कड़ी कार्यवाही, सामान नागरिक कानून लाने और महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था तथा राजस्व पुलिस व्यवस्था को समाप्त कर उसकी जगह रेग्यूलर पुलिस व्यवस्था करने सहित अनेक ऐसे काम है जो पहले किसी भी सरकार के समय में नहीं किये गये।

**❑बिना रुके और बिना थके काम करते रहेंगें?**
**❑उत्तराखण्ड को आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य बनायेंगें**

उन्होने कहा कि आगे भी हम बिना थके और बिना रूके राज्य के विकास और जनहित के काम करते रहेगें। उन्होने कहा कि हम उत्तराखण्ड राज्य को आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य बनाने के लिए निरन्तर काम करते रहेगें। इस अवसर पर पुलिस लाइन में सांस्कृतिक झांकियां और लोकनृत्य की झलक भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री आज गैरसैंण में आयोजित राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे जहां उनके

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर


## पाक गोलाबारी में बीएसएफ जवान की मौत, कई घरों को पहुंची जबरदस्त क्षति

जम्मू। पाक रेंजरों ने पाक सेना के साथ मिल कर जम्मू सीमा के कई गांवों में गोलों की बरसात कर उस समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं जो उसने दस दिन पहले भारतीय सीमा सुरक्षाबल के साथ किया था। गोलाबारी में एक बीएसएफ जवान की मौत हो गई। कई घरों को जबरदस्त क्षति पहुंची है। अधिकारियों ने बताया कि देर रात 12 बजे के करीब पाक रेंजरों ने मोर्टार गोलों की बरसात कर बीएसएफ तथा सीमावासियों को चौंका दिया था। पाक रेंजरों ने अरनिया और रामगढ़ सेक्टर की कई सीमा चौकियों के अतिरिक्त कई सीमांत गांवों को सीधा निशाना बनाते हुए गोले दागे थे। चिंता की बात यह बताई जा रही है कि इन गोलों के निशाने अधिकतर नागरिक ठिकाने ही थे। क्योंकि यह गोले जीरो लाइन से 3 से 4 किमी भीतर तक लैंड कर रहे थे। चिनाज सीमा चौकी क्षेत्र के गांव चानना के रहने वाले राजकुमार ने फोन पर बताया था कि गोलाबारी के कारण बच्चे डरे हुए हैं क्योंकि वे रातभर से घर के भीतर बनाए गए बंकर में ही छुपे हुए हैं। करीब दस दिनों से सीमांत क्षेत्रों में तनावपूर्ण माहौल था।



## जिस भक्ति से हम प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना रहे हैं, उसी भक्ति से गरीबों के भी बना रहे घर: पीएम मोदी

नई दिल्ली। सतना में भाजपा प्रत्याशियों के लिए जन समर्थन मांगने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला किया। पीएम मोदी ने कहा कि मतदान से पहले कांग्रेस के झूठ है का गुब्बारा फूट गया है। उसके पास प्रदेश के विकास का कोई रोड मैप नहीं है। कांग्रेस के थके-हारे चेहरों में मध्य प्रदेश की युवाओं को कोई भविष्य नहीं दिखाई देता।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस सरकार आई, वहां तबाही लाई। एमपी के युवाओं को पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा है। पीएम ने कहा कि अयोध्या में जी भक्ति से हम प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बना रहे हैं इस भक्ति से गरीबों के घर भी बना रहे है। जिन्हें अभी भी घर (पीएम आवास) नहीं मिला है, उन्हें मोदी की गारंटी है कि उनके घर भी बनेगा। पीएम ने कहा कि 3 दिसंबर को सरकार वापसी पर पीएम आवास का काम तेजी से शुरू होगा। यह मोदी है जिसने 4 करोड़ घर बनाए, लेकिन खुद के लिए घर नहीं बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आजकल जहां भी जाता हूं। वहां अयोध्या में बन रहे प्रभु श्रीराम के मंदिर की चर्चा चलती है। पूरे देश में खुशी की लहर है सौभाग्य से भरे इस पवन कालखंड में मेरे मन में एक बात बार-बार आती है यह बात मुझे आंदोलन करती रहती है और मुझे तेज गति से दौड़ने की प्रेरणा देती रहती है। यह बात है रामकाज कीन्हें बिनु, मोहि का विश्राम। अब रुकना नहीं, थकना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं इस बारे में खुद सोचता रहता हूं। मैंने जो सुना हुआ है वो बात हर पल मेरे कान में गूंजती है और आंदोलित करती है और तेज गति से दौड़ने के लिए मोटिवेट करती है, और वो है भक्ति।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आदर्श राज्य व विकसित राष्ट्र की बात

जब देश अपनी स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है और उत्तराखण्ड राज्य अपनी स्थापना की 23वीं वर्षगांठ, ऐसे समय में दो बातें समानान्तर रूप से प्रचारित की जा रही है। पहली बात है विकसित भारत की और दूसरी बात है उत्तराखण्ड के आदर्श राज्य की। सुनने में यह एक अत्यंत ही सुखद अहसास कराती है। काश! ऐसा संभव हो सके कि आजादी की सौवीं वर्षगांठ मनाने से पूर्व हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनकर उस सूची में शामिल हो जाये जिसमें ब्रिटेन, अमेरिका और फ्रांस जैसे देश है और उत्तराखण्ड 25 साल होने तक देश का सबसे अग्रणीय और आदर्श राज्य बन जाये जिसकी मिसाल दूसरे उन राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सके जो आजादी के समय से ही अति पिछड़े है। लेकिन आज तक भी आदर्श राज्य नहीं बन सके। बीते दिनों प्रधानमंत्री ने अपने केदारनाथ धाम दौरे के समय यह कहा था कि यह दशक उत्तराखण्ड के विकास का दशक होगा। तभी से इस बात को एक तकिया कलाम की तरह राज्य के सत्ताधारी नेता दोहरा रहे है। राज्य की आय व्यय का क्या ब्यौरा है जन सेवाओं की क्या स्थिति है? पलायन और बेरोजगारी की क्या स्थिति है उसकी लम्बी चर्चा नही की जा सकती है। राज्य बनने के बाद राज्य की स्थिति और परिस्थितियां बदली है उनमें सुधार आया है लेकिन अभी बहुत कुछ ऐसा है जिसमें सुधार की जरूरत है। जहां तक राज्य के आदर्श या सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की बात कही जा रही है या प्रचारित की जा रही है वह महज एक शगुफा ही है उत्तराखण्ड अभी गोवा जैसे राज्यों से भी कोसो पीछे है। रही बात विकसित भारत की तो देश में गरीबी बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की जो स्थितियां है वह किसी पिछड़े से पिछड़े देश की भी नहीं हो सकती है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स की 136 देशों की सूची में भारत 126 वें नम्बर पर है। कोरोना काल के दौरान बेरोजगार हुए देश के युवा और शिक्षित बेरोजगार नौकरी के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे है। लेकिन उन्हे रोजगार नहीं मिल पा रहा है। ऐसे बेरोजगारों की संख्या 5.3 करोड़ है। जिसमें 90 लाख महिलाएं भी शामिल है। ऐसी स्थिति में अगर आपको कोई विकसित देश की बात करे तो यह किसी को भी एक मजाक जैसा ही लगेगा। अभी देश की केन्द्र सरकार द्वारा पूरे देश भर में विकसित भारत संकल्प यात्राओं के आयोजन का खाका तैयार किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों को पूरे देश में इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजनों के बारे में दिशा निर्देश दिये गये। सभी राज्यों की सरकार और अधिकारी ब्लाक और तहसील स्तर तक विकसित भारत संकल्प यात्राओं के आयोजनों पर आपको आने वाले समय में जुटे दिखेगें। सवाल यह है कि सिर्फ संकल्प यात्राओं के जरिए किये जाने वाले इस विकसित भारत के प्रचार से भारत एक विकसित राष्ट्र बन जायेगा? लेकिन 2024 के चुनाव से पहले केन्द्र सरकार ने अपने लिए विकसित भारत का चुनावी ऐजेन्डा या यूं कहिये कि एक शगुफा जरूर तैयार कर लिया गया है। दस साल पहले काला धन वापस लाने और किसानों की आय दो गुना करने तथा गरीबों के खातों में दस-दस लाख डालने की तर्ज पर अब 2024 के चुनाव में देशवासियों को विकसित भारत का सपना जरूर दिखाया जायेगा। यह सपना कब सच होगा यह आने वाला समय ही बतायेगा।

# संयुक्त परिषद व आंदोलनकारियों ने किया शहीदों को याद

देहरादून (सं)। राज्य स्थापना दिवस पर उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी संयुक्त परिषद व आंदोलनकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया। आज यहां उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में उत्तराखंड राज्य के उन शहीदों को कचहरी परिसर शहीद स्मारक में याद किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर राज्य के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उम्मीद जताई कि वर्तमान सरकार के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास होगा सभी लोग खुशहाल रहेंगे तथा सरकार राज्य की स्थाई राजधानी गैरसैंण बनाएगी। इस अवसर पर संयुक्त परिषद के संरक्षक नवनीत गोसाई व केंद्रीय अध्यक्ष विपुल नौटियाल, जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार, नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल, धर्मानंद भट्ट, अनुराग भट्ट, जगमोहन रावत, प्रवीण गोसाईं, पूर्व अध्यक्ष गणेश डंगवाल, प्रभा नैथानी, महिला मंच की संयोजक निर्मला बिष्ट, जनवादी महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती ईन्दू नौडियाल, सत्या, प्रमिला रावत पोखरियाल, सुभागा फरसवाण, राजकुमार जायसवाल, आमोद पनौली, संतन रावत स्थापना दिवस के अवसर पर शामिल रहे।

**तममृक्षन्त वाजिनमुपस्थे अदितेरधि।**
**विप्रासो अण्व्या धिया॥**
(ऋग्वेद ९-२६-१)

धरती मां की गोद में बैठकर ऋषि धारणा, ध्यान और समाधि द्वारा शुद्ध की हुई अपनी मन और बुद्धि द्वारा अपने अंत:करण में सबसे सूक्ष्म, सर्वशक्तिमान और सबके स्वामी परमेश्वर का साक्षात्कार करते हैं।

# प्रवर समिति ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी रिपोर्ट

हमारे संवाददाता

देहरादून। आंदोलनकारियों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण का जो प्रस्ताव विधानसभा में पेश किए जाने के बाद प्रवर समिति को सौंप दिया गया था आज उसे प्रवर समिति ने अपेक्षित संशोधन के सुझावों के साथ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को सौंप दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य आंदोलन कारियों को मिलने वाले 10 फीसदी आरक्षण के मुद्दे को लेकर कई तरह की भ्रांतियां थी जिन्हें लेकर राज्य आंदोलनकारी संतुष्ट नहीं थे। सरकार द्वारा इस मुद्दे पर लाये गए प्रस्ताव पर भी कई बिंदुओं पर आम सहमति नहीं थी हालांकि प्रस्ताव पर विधानसभा में बहस भी नहीं हुई थी लेकिन बिना बहस के ही क्षैतिज आरक्षण का यह प्रस्ताव विधानसभा की प्रवर समिति को सौंप दिया गया था। इस अवसर पर काबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी मौजूद थे।

प्रवर समिति ने अब इसमें अपेक्षित संशोधनों के बाद इसे विधानसभा अध्यक्ष



को वापस सौंप दिया गया है। अभी इसमें किए गए संशोधनों की कोई जानकारी

## ❑आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण का मुद्दा

इसके पुन: सत्र के दौरान सदन के पटल पर रखे जाने पर ही हो सकेगी अब गेंद सरकार के पाले में है वह प्रवर समिति के संशोधनों की समीक्षा के बाद इसे आगे सदन में रखेगी और इस पर आगे की कार्रवाई हो सकेगी।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य आंदोलनकारी राज्य गठन के 23 साल बाद भी चिन्हीकरण और उन्हें शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं को लेकर आंदोलनरत है तथा आज तक उनका आंदोलन व संघर्ष जारी है।

# मोटरसाईकिल की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल की चपेट में आकर वृद्ध की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंजारावाला निवासी अरविन्द कुमार त्रिवेदी ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता गौरी शंकर त्रिवेदी उसके पुत्र को लेने गली से बाहर गये थे जोकि स्कूल बस से आता है।

बंजारावाला चौक के निकट देहरा पब्लिक स्कूल की गली के बाहर गये तभी एक तेज रफ्तार मोटरसाईकिल चालक द्वारा लापरवाही व तेजी से आते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको इन्द्रेश अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उनको हायर सेंटर रैफर किया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भाई बनकर ठगे 58 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। फोन पर भाई बनकर 58 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहस्त्रधारा रोड निवासी आशीष सजवाण ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आयी और कॉल आयी। कॉल करने वाले ने वह उसका भाई बोल रहा है और कहा कि वह उसके खाते में पैसे डाल रहा है जोकि वह उसको गूगल पे से ट्रांसफर कर देना। उसके बाद उसको तीन बार में पैसे क्रेडिट होने का मैसेज प्राप्त हुआ जिसपर उसके द्वारा उक्त अज्ञात व्यक्ति के कहने पर उसके द्वारा उसको 58 हजार 500 रूपये ट्रांसफर कर दिये। जब उसके द्वारा अपने खो को बैलेंस चैक किया तो उसके खाते में कोई धनराशि क्रेडिट नहीं हुई थी। अज्ञात व्यक्ति ने उसको झांसे में लेकर उसके रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने सभावाला के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से साढे छह ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सरताज पुत्र शाहिद निवासी चोई बस्ती सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# खाद्य आयोग अध्यक्ष ने की अंतर्गत विभागीय समीक्षा बैठक

नई टिहरी(आरएनएस)। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत ने जिला कार्यालय में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत विभागीय समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें खाद्य आपूर्ति, शिक्षा, बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा गहनता से की।

अध्यक्ष ने जिला शिकायत निवारण अधिकारी सीडीओ कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य विभाग की ओर से प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी सुनील बडोनी ने जनपद में वर्तमान में खाद्य विभाग की योजनाओं की प्रगति के संबंध में अध्यक्ष को अवगत कराया। अध्यक्ष रावत ने जनपद में वर्तमान में अंतिम व्यक्ति तक खाद्यान्न उपलब्ध करवाने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आम जनमानस की सुविधा के लिए सार्वजनिक स्थलों पर शिकायत दर्ज करने को टॉल फ्री नंबर प्रदर्शित करवाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएम पोषण योजना एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं स्वास्थ्य विभाग में मातृ वंदन योजना की अध्यक्ष रावत ने समीक्षा की। सभी विभागों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक वीके ढौंडियाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शोहेब, डिप्टी सीएमओ डा. एलडी सेमवाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी धारा सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज बर्तवाल, पूर्ति निरीक्षक योगेंद्र परमार, प्रवीन सेमवाल, अमित भंडारी, अंकित रावत, इंद्रेश नौटियाल, एसएस बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

# ताहिरा कश्यप खुराना की पहली फीचर फिल्म शर्माजी की बेटी का होगा प्रीमियर

फिल्म निर्देशक, लेखिका और निर्माता ताहिरा कश्यप खुराना की पहली फीचर फिल्म शर्माजी की बेटी का मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर किया जाएगा। इसको लेकर ताहिरा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह एक कॉमेडी फिल्म है जिसमें एक अनोखापन है। ताहिरा के निर्देशन में बनी लघु फिल्म टॉफी ने पहले दर्शकों से प्रशंसा बटोरी थी। शर्माजी की बेटी एक फीचर फिल्म निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म है। ताहिरा को अपने पति आयुष्मान खुराना के साथ फेस्टिवल में शामिल होते देखा गया और उन्होंने फिल्म के बारे में बात की। ताहिरा ने कहा, मैं इस फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे यहां तक पहुंचने में काफी समय लगा है। मैं नर्वस भी हूं क्योंकि यह पहली बार है जब मैं अपनी फिल्म बड़े पर्दे पर देखने जा रही हूं। कहानी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कहानी हमेशा मेरे दिमाग में थी। जब हमारे पास सही कलाकार थे तो हमने इसे चुना। यह विभिन्न आयु वर्ग की 5 महिलाओं के बारे में है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। मैं वास्तव में चाहती हूं कि लोग इसे देखें और आशा करती हूं कि उन्हें यह पसंद आएगी। मामी फिल्म फेस्टिवल में अपनी फिल्म के प्रीमियर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने छह साल पहले मामी में अपनी लघु फिल्म टॉफी के साथ अपनी शुरुआत की थी। मुझे लगता है कि मामी ने हमेशा मुझे उडने के लिए पंख दिए हैं और एक बार फिर उसने ऐसा किया है। शर्माजी की बेटी आधुनिक, मध्यवर्गीय महिला अनुभव और शहरी महिलाओं के जीवन के बारे में है। फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर हैं।

# सलमान खान और इमरान हाशमी के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत

सलमान खान की अगली फिल्म टाइगर 3 का नया और धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें इस बार विलेन के रोल में आतिश यानी इमरान खान टाइगर को धमकी देते दिख रहे हैं। फिल्म रिलीज से बस कुछ दिनों की दूरी पर मेकर्स ने फैंस उत्सुकता को और भी ज्यादा तेज करने के लिए फिल्म की नई झलक सबके साथ शेयर की है। इस धमाकेदार प्रोमो की शुरुआत इमरान के फिल्म में निभा रहे किरदार बोल रहे हैं, अब मेरी बारी है, दुनिया के नक्शे से हिन्दुस्तान का वजूद ही मिटा दूंगा मैं, वादा करता हूं टाइगर। इसके बाद टाइगर और जोया के धमाकेदार एक्शन सीन्स करते नजर आ रहे हैं। इमरान इस रोल में काफी अलग और दमदार दिख रहे हैं, उनका लुक किसी खूंखार विलेन से कम नहीं लग रहा है।

सलमान खान और कटरीना कैफ को तो टाइगर और जोया की भूमिका में आपने देखा ही होगा पर इस बार इमरान का किरदार आपके होश उड़ा देगा। पहली बार विलेन की भूमिका अदा करने वाले इमरान हाशमी क्या कमाल करने के लिए तैयार हैं, दर्शक भी इमरान के वीलेन वाले अंदाज को देखने के लिए काफी एक्साइटमेंट हैं। प्रोमो में इमरान के देश को बर्बाद करने के खतरनाक इरादे साफ नजर आ रहे हैं। प्रोमो देख कर लग रहा है टाइगर और इमरान के किरदार के बीच जमकर एक्शन होने वाला है। फिल्म का प्रोडक्शन यश राज फिल्म कर रही है और टाइगर फैंचाइजी की तीसरी फिल्म है। फिल्म का डायरेक्शन मनीष शर्मा कर रहे हैं। फिल्म दिवाली के मौके यानी 12 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। इसी के साथ ये भी बताया गया है कि फिल्म का पहला शो सुबह 7 बजे रखा जाएगा ताकि सिनेमाघरों में एक्टर के फैन्स दिवाली के त्योहार पर भरपूर लुत्फ उठा सकें।

# अभिनेत्री सत्यमवदा सिंह की चांद जलने लगा से टीवी पर वापसी

◄◄पृष्ठ 1 का शेष

शो लापतागंज, चिडिया घर, कृष्णा कन्हैया जैसे लोकप्रिय सिटकॉम में काम करने वाली अभिनेत्री सत्यमवदा सिंह रोमांटिक ड्रामा चांद जलने लगा से टीवी में वापसी कर रही हैं। सत्यमवदा ने कहा, मैं शगुन धरमसे की एक आशाजनक भूमिका निभाते हुए नजर आऊंगी। वह बेहद महत्वाकांक्षी, जीवंत और बॉस महिला हैं। नायक तारा (कनिका मान) मेरी कर्मचारी होंगी और मैं उनसे ज्यादा खुश नहीं हूं। नफरत के कारण मैं उसके ऑफिस लाइफ को दयनीय बना देती हूं। देवा (विशाल आदित्य सिंह) मेरा बिजनेस पार्टनर होगा और हमारे बीच की कहानी में जानने के लिए बहुत कुछ है। अभिनेत्री ने मॉडलिंग में एक सफल करियर और ग्लैडरैग्स मेगा मॉडल, मिस कल्चर वर्ल्ड इंडिया, मिस उत्तर प्रदेश और फिर बाद में मिस दिल्ली, मोस्ट फोटोजेनिक जैसे सौंदर्य प्रतियोगिताओं को जीतने के बाद अपने करियर की शुरुआत की। सत्यमवदा ने कहा कि वह टीवी पर वापसी का इंतजार कर रही हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझसे टीवी भूमिकाओं के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन मैं कभी भी अपनी उम्र से अधिक उम्र की भूमिकाएं नहीं निभाना चाहती थी। मैं सही मौके का इंतजार कर रही थी और आखिरकार मुझे यह मौका मिल गया। टीवी पर मेरा आखिरी शो 2019 में दिव्य-दृष्टि था। उन्होंने कहा, इस बीच मैं थिएटर कर रही थी और देश में विभिन्न स्थानों की खोज कर रही थी और अब मैं टीवी पर लौट रही हूं। मैं धन्य महसूस कर रही हूं, मैं साहिल अंसारी और प्रोडक्शन की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह अवसर दिलाने और मुझे इस भूमिका के लिए चुनने में मदद की। चांद जलने लगा का प्रसारण 23 अक्टूबर से शुरू हुआ था।

# रजनीकांत की जेलर का रिकॉर्ड तोडने से चंद कदम दूर है विजय थलापति की लियो



थलपति विजय के लिए साल 2023 काफी लकी रहा है। 'वरिसु' को मिली सुपर सक्सेस के बाद एक्टर की हालिया रिलीज़ 'लियो' ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है। 64.8 करोड़ के कलेक्शन के साथ 'लियो' ने दमदार ओपनिंग की थी। इसके बाद पहले हफ्ते में फिल्म ने जमकर कमाई की और दूसरे हफ्ते में एंट्री करते ही इसने 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। हालांकि दूसरे हफ्ते के मंडे से फिल्म का कलेक्शन हर दिन घट रहा है।

थलपति विजय स्टारर 'लियो' का जादू दर्शकों के सिर चढकर बोला है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से धुंआधार कारोबार किया है और ये फिल्म अब 300 करोड़ ये ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। हालांकि रिलीज के दूसरे हफ्ते में ऐसा लग रहा है कि फिल्म का चार्म खत्म हो रहा और इसी के साथ इसकीकमाई का ग्राफ भी हर दिन गिरता जा रहा है। वैसे 'लियो' की कमाई में दूसरे मंडे से गिरावट शुरू हुई थी। जहां सेकंड संडे को फिल्म ने 16.55 करोड़ की दमदार कमआई की थी तो वहीं दूसरे सोमवार फिल्म के कारोबार में 73.11 फीसदी की गिरावट आई और ये 4.45 करोड़ रुपये ही कमाई सरी। इसके बाद दूसरे मंगलवार फिल्म का कलेक्शन और घट गया इसने महज 3.5 करोड़ रुपये ही कमाए। दूसरे बुधवार 'लियो' की कमाई 3।55 करोड़ रुपये रही। वहीं अब विजय की फिल्म की रिलीज के 15वें दिन यानी दूसरे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 'लियो' ने दूसरे गुरुवार महज 2.90 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसके बाद 'लियो' की 15 दिनों की कुल कमाई अब 317.85 करोड़ रुपये हो गई है। थलपति विजय स्टारर फिल्म 'लियो' भारतीय और कॉलीवुड बॉक्स ऑफिस दोनों पर सबसे बड़ी कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई हैं। लोकेश कनगराज की फिल्म भारत में टॉप बीस ब्लॉकबस्टर की लिस्ट में भी शामिल हो गई है। वहीं इस फिल्म ने रिलीज के 14वें दिन वर्ल्डवाइड कुल 553.7 करोड़ रुपयों का कलेक्शन कर लिया। 'लियो' फिलहाल, रजनीकांत की जेलर के 605 करोड़ के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पीछे छोडने के लिए तैयार है। हालांकि फिल्म के कलेक्शन में लगातार हो रही गिरावट से इसका जेलर का रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल लग रहा है। हालांकि मेकर्स को फिल्म के कलेक्शन में इस वीकेंड पर फिर बड़े उछाल की उम्मीद है।

# एनटीआर जूनियर के बाद, राम चरण एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस में शामिल

तेलुगु स्टार राम चरण अपने आरआरआर के को-स्टार एनटीआर जूनियर के साथ ऑस्कर में शामिल हो गए हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने हाल ही में उन्हें प्रेस्टीजियस एक्टर्स ब्रांच में शामिल करने की घोषणा की।राम चरण, जिनकी निर्देशक एसएस राजामौली की सार्वभौमिक रूप से प्रशंसित फिल्म आरआरआर में स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीतारमन राजू की भूमिका ने उन्हें वैश्विक सुर्खियां दिलाईं, वह सुपरस्टार्स की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। एकेडमी ने अपने इंस्टाग्राम पर हाल ही में शामिल किए गए लोगों का रोस्टर पोस्ट किया।उन्होंने लिखा, अपने एक्टिंग स्किल्स के जरिए, ये अभिनेता हमारे सामने ऐसे करेक्टर्स पेश करते हैं जो हमारे दिल और दिमाग पर अमिट छाप छोड़ते हैं।आर्ट उनकी शानदार सामान्य क्षणों को असाधारण सिनेमाई अनुभवों में बदल देती है, जिससे मानवीय भावनाओं की गहराई और जटिलता के प्रति हमारी सराहना समृद्ध होती है। रोस्टर की घोषणा करते हुए, उन्होंने कहा, हम एकेडमी के एक्टर्स ब्रांच में इन निपुण कलाकारों का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं- लशाना लिंच, राम चरण, विक्की क्रिप्स, लुईस कू टिन-लोक, केके पामर, चांग चेन, सकुरा एंडो, रॉबर्ट डेवी और बहुत कुछ।वर्तमान में, राम चरण एस. शंकर द्वारा निर्देशित आगामी तेलुगु राजनीतिक-एक्शन-थ्रिलर फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग कर रहे हैं। इसमें उनके साथ कियारा आडवाणी भी होंगी।

# द आर्चीज : सुहाना खान समेत सभी सितारों ने किया शानदार डांस




जोया अख्तर द्वारा निर्देशित फिल्म द आर्चीज का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है।इस फिल्म के जरिए तमाम स्टारकिड्स अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं, जिसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा, जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान का नाम शामिल है।सुनोह के बाद अब द आर्चीज का दूसरा गाना वा वा वूम रिलीज हो चुकी है, जिसमें सभी सितारे जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।

वा वा वूम के बोल जावेद अख्तर ने लिखे हैं।जोया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गाना साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, तुम बिल्कुल वा वा वूम हो।द आर्चीज 7 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें मिहिर आहूजा, वेदांग रैना और युवराज मेंडा भी अहम भूमिकाओं में हैं।फिल्म द आर्चीज भारत के 1960 के दशक की पृष्ठभूमि दिखेगी। इसकी कहानी किशोरों (टीनेज) पर है, जो कुछ दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है।

जोया ने कहा, वा वा वूम एक क्लासिक आर्ची कॉमिक शब्द है। जिस लडक़ी को वह पसंद करता है, उसका वर्णन करना है। यह कहने का एक तरीका कि वह अच्छी है। यह गाना 60 के दशक के रॉक एन रोल युग की ऊर्जा को समाहित करता है और प्रेम को रोमांटिक बनाता है।

हिप-स्विंग नंबर शंकर-एहसान-लॉय द्वारा रचित है। इसके गीतकार जावेद अख्तर हैं और तेजस मेनन द्वारा इसे गाया गया है।

संगीत वीडियो के अनुसार वा वा वूम रॉक एंड रोल धुनों का जश्न मनाता है, जिसमें डॉट (अदिति), अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, मिहिर आहूजा, सुहाना खान, वेदांग रैना और युवराज मेंडा सुर्खियों में हैं।

वा वा वूम की रचना के बारे में बात करते हुए, संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय ने संयुक्त रूप से कहा, गीत के पीछे की रचनात्मक प्रक्रिया वास्तव में रोमांचक थी। हम एक डांस नंबर बनाना चाहते थे जो तुरंत किसी को भी डांस फ्लोर पर जाने के लिए मजबूर कर दे।

आगे कहा, हमारी रचना, तेजस मेनन के स्वर और जावेद अख्तर के गीत सभी एक सहयोगात्मक प्रयास के रूप में एक साथ आए। वा वा वूम आपको 1960 के दशक के मूडी रॉक एंड रोल युग में वापस ले जाता है।




हार्दिक शुभकामनाएं

माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।
ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा

**नरेन्द्र मोदी** प्रधानमंत्री






केदारनाथ बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपये के पुनर्निर्माण/पुनर्विकास कार्य, चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्ड 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।

मानस खण्ड मंदिर माला मिशन।

4000 से अधिक होम-स्टे विकसित, 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।

मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन।



पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवार्ड।



**रेल कनेक्टिविटी :** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, टनकपुर बागेश्वर रेल लाईन।



**रोड कनेक्टिविटी :** चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड व अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास।



**रोप-वे कनेक्टिविटी :** पर्वतमाला परियोजना, गौरीकुण्ड-केदारनाथ रोप-वे कनेक्टिविटी, गोविन्द घाट – हेमकुण्ड, सुरकण्डा देवी रोप-वे।



जमरानी बांध परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने दी मंजूरी।



ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिये अब तक 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू।



एस.जी.एस.टी. संग्रह में 33 प्रतिशत वृद्धि, राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत से अधिक वृद्धि।



राजकीय विद्यालयों के साथ राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें।

- देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून।
- लखपति दीदी योजना के तहत 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य।
- पलायन रोकने तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने हेतु "मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना"।
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना व मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरू, एरोमा पार्क व एरोमा वैली ।
- राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों के एक सदस्य को रोजगार तथा विशिष्ट सेवा मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोत्तरी।
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसानों को 3 लाख और स्वयं सहायता समूहों को ₹ 5 लाख तक की धनराशि का ब्याज रहित ऋण।
- स्टेट मिलेट मिशन में स्थानीय कृषकों से झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन एवं चौलाई का उचित मूल्य पर क्रय।
- हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार पॉलीहाउस का बजट प्रावधान।
- राज्य के युवाओं के लिए "विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का गठन"।
- समान नागरिक संहिता के लिये प्रभावी पहल।
- अटल आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज।
- राज्य में निर्धन परिवारों को वर्ष में 3 सिलेन्डर नि:शुल्क रीफिल की सुविधा।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# गुडबॉय 'फ्रेंड' मैथ्यू पैरी

श्रुति व्यास

ज़िन्दगी और नियति को समझना बहुत दुष्कर है। आखिर क्या कारण है कि मज़ेदार लोग, अपने आसपास वालों को गुदगुदाने और हंसाने वाले लोग, अक्सर अपना समय आने से बहुत पहले दुनिया को अलविदा कह देते हैं? ऐसे दो शख्स हाल में दिवंगत हुए। रोबिन विलियम्स के बाद मैथ्यू पैरी हमेशा के लिए चले गए। दोनों अपनी मज़ाकिया अदाकारी के लिए दुनिया में जाने जाते थे। दोनों खूब हँसते थे और दूसरों को खूब हंसाते थे। पर दोनों अपने-अपने नर्क में जी रहे थे - मन के अन्दर छिपे दानवों, अपनी लतों और अपने अवसाद से जूझते हुए - ऐसे विचारों से लड़ते हुए जिन्हें हम-आप समझ ही नहीं सकते। मेरे बचपन में रोबिन विलियम्स ने मुझे खूब हंसाया और किशोरी के रूप में मैथ्यू 'चैंडलर' बिंग की हाजिऱजवाबी और मज़ाक मेरे लिए ख़ुशी और दिलासा दोनों के स्त्रोत थे। अपने मज़ाहिया अंदाज़ के लिए मशहूर ये दोनों कलाकार बहुत जल्दी दुनिया छोड़ गए। सन 2014 में रोबिन विलियम्स ने जब आत्महत्या की तब वे 63 साल के थे। मैथ्यू पैरी पिछले शनिवार को 53 साल की आयु में हमें छोड़ गए। उनकी मौत का कारण अभी भी साफ़ नहीं है।

इन दोनों ही मौतों ने मुझे बहुत आहत किया। और आज मैं अपने मज़ाहिया नायक पैरी को उनके एक फैन के रूप में याद कर रही हूँ।

मैथ्यू पैरी ने प्रसिद्ध सिटकॉम 'फ्रेंड्स' में सबके दुलारे चैंडलर की भूमिका अदा की थी( फ्रेंड्स' सीरियल की जबरदस्त सफलता के बारे में कुछ कहना शब्दों कोजाया करना होगा। और यह भी सब जानते ही हैं कि अब भी वह उतना ही लोकप्रिय है। इस सिटकॉम में चैंडलर बिंग के रूप में पैरी की दिल को छू लेने वाली भूमिका उन सभी के दिलोदिमाग में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी जिन्होंने इस सिटकॉम को देखा है। मैंने 'फ्रेंड्स' के हर एपिसोड को अनगिनत बार देखा है और मैं ज़रा से भी संकोच के बिना खुद को इसका सुपर फैन कह सकती हूँ। मुझे इसका हर डायलाग, हर सीन याद है। कोविड महामारी के डरावने दिनों में मैंने नए सिरे से इसे देखा और इसने मुझे उस दौर की पीड़ा और अनिश्चितता से लडऩे की ताकत दी। और तब से, जब भी मन उदिग्न होता है, मैं नेटफ्लिक्स पर इसे खोलकर बैठ जाती हूँ।

चैंडलर मेरा प्रिय किरदार है। वह अपने ग्रुप का सबसे मजाहिया चरित्र है। इस किरदार के लिए पैरी के चुनाव और चैंडलर की जबरदस्त हाजिऱजवाबी के पीछे छुपी पीड़ा की छटपटाहट को सामने लाने में पैरी की सफलता ने इस शो की रिकॉर्ड कामयाबी में महती भूमिका निभाई। पैरी ने मुझे सिखाया कि व्यंग्य क्या होता है, उन्होंने मुझे व्यंग्य करना और समझना सिखाया, और व्यंग्य पर हँसना और रोना भी।

'फ्रेंड्स' के 1994 से लेकर 2004 तक 10 सीजन प्रसारित हुए है। यह न्यूयार्क शहर में रहने वाले छह युवा दोस्तों के जीवन, उनकी कारगुजारियों और उनके आपस के मज़ाकों की कहानी सुनाता है। यह नाटक तो है परन्तु नाटकीय कहीं से नहीं लगता। इस शो के शुरूआती प्रमोशनल में कहा गया था कि यह आपके जीवन के उस दौर में सेक्स, प्यार, रिश्तों और करियर की बात करता है, जिस दौर में आपको सब कुछ संभव लगता है। 'फ्रेंड्स' के पात्र पैसा, सेहत, काम और रिश्तों से जुड़े मसलों से परेशान हैं। उधारी के बोझ के तले दबे हुए और असफल रिश्तों के दर्द को सहते हुए भी प्रत्येक पात्र मस्त है और यह रेखांकित करता है कि बड़े होने की प्रक्रिया में हमें अनेक समझौते करने पड़ते हैं। इन मित्रों को राजनीति से कोई मतलब नहीं है, उन्हें इससे कोई लेना-देना नहीं है कि राष्ट्रपति के चुनाव में कौन उम्मीदवार है, नाटो क्या है, या अर्थव्यवस्था की स्थिति कितनी खऱाब है। उनके सपने ऐसे हैं जिनका पूरा होना संभव ही नहीं है और वे क्? पर जी रहे हैं। मगर वे मज़े में हैं( फ्रेंड्स' का हर पात्र अपनी मूर्खताओं या अपनी बेकसी से हमें हंसाता है। चैंडलर के चुटकुले कभी ख़त्म नहीं होते। वह अपने ग्रुप में सबसे रईस है। उसके पास खासी तनख्वाह वाली अच्छी-सी नौकरी है पर वह क्या काम करता है, यह उसके दोस्तों को भी ठीक से नहीं पता। पैरी ने मानों अपनी असली ज़िन्दगी को परदे पर उतार दिया था - एक ऐसी व्यक्ति की ज़िन्दगी, जिसमें लाख परेशानियाँ भी जिसके चेहरे से हंसी को जुदा नहीं कर सकती।

जिस समय पैरी को चैंडलर का किरदार अदा करने के लिए चुना गया था, वे केवल 24 साल के थे - फ्रेंड्स में से वे सबसे छोटे थे पर उन्होंने जो किरदार निभाया, वह कई अर्थों में फ्रेंड्स में से सबसे बड़ा था। चैंडलर दिखने में आकर्षक है मगर अपने दोस्तों में से सबसे कम दिलचस्प है। एक पेशेवर बतौर वह सफल है, उसके पास उसकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन है और वह अपने काम में निपुण है। उसे स्वेटर, बास्कट और सूट पहनना पसंद है। परन्तु जो उसे सबसे अलग करता है वह है कटाक्ष करने की उसकी प्रतिभा। वह दुनिया की सारी बदसूरती से वाकिफ है पर वह उसे एक चुटकुले की तरह देखता है। चैंडलर हमेशा व्यंग्यात्मक भाषा में और चकित होने का अभिनय करते हुए ऐसे प्रश्न पूछता है जिनका उत्तर उसे और सभी को पहले से पता है। उसका अंदाज़ निराला है। क्या वह मेरी पहुँच से जितनी दूर है, उससे ज्यादा दूर हो सकती थी? परन्तु उसका मसखरापन, उसकी वेदना को नहीं छुपाता। एक जगह वह कहता है, मेरे माता-पिता के तलाक के बाद से मैंने मजाक को दुःख से लडऩे का हथियार बना लिया है। जाहिर है कि वह साफ़ बात करने में यकीन रखता है। पैरी पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों को यह बता चुके होते हैं कि चैंडलर के लिए चुटकुले और मजाक दरअसल उसकी ढाल हैं। अपनी मज़ाहिया टिप्पणियों, टेढ़ी हंसी और एकदम सही समय पर शब्दों को विराम देने की उसकी अदा, चैंडलर के चरित्र को और जटिल और एकदम आम मनुष्य जैसा बनाती है। वे उस पुरानी कहावत को चरितार्थ करते हैं कि वक्त ट्रेजेडी को कॉमेडी में बदल देता है।

परन्तु पैरी नहीं चाहते थे कि उन्हें केवल उनके किरदारों के लिए याद किया जाए। वे केवल चैंडलर बिंग नहीं बने रहना चाहते थे। इसलिए उन्होंने सन 2022 में अपने संस्मरणों को एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जिसका शीर्षक था- फ्रेंड्स, लवर्स एंड द बिग टेरीबिल थिंगइसमें उन्होंने शराब और ड्रग्स की लत से अपनी कई दशकों लम्बी लड़ाई का वर्णन किया। अपनी लतों के कारण वे 2018 में गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। उन्हें न्युमोनिया हुआ, उनकी बड़ी आंत फट गई, उन्हें कुछ समय लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रहना पड़ा, वे दो हफ्ते तक कोमा में रहे, उनकी पेट की एक दर्जन से ज्यादा बार सर्जरी हुई और नौ महीनों तक उन्हें कोलोसटोमी बैग के सहारे जीना पड़ा। उन्हें यह अहसास भी हुआ कि अपने 49 साल के जीवन में से आधा समय उन्होंने अस्पतालों और नशा-मुक्ति केन्द्रों में गुज़ारा है। इस पुस्तक में उन्होंने अपनी जीवन के कई दर्दनाक अनुभवों का खुलासा किया है। वे अपनी ही निगाहों में कैसे गिरे और अपने कई रूमानी रिश्तों, जिनमें जूलिया रोबर्ट्स सहित कई जानीमानी अभिनेत्रियों शामिल थीं, में वफ़ादारी के अभाव का मर्मस्पर्शी वर्णन इस पुस्तक में है। उन्होंने कभी शादी नहीं की और ना ही उनके बच्चे हैं। इस पुस्तक में एक स्थान पर वे कोष्ठकों के अन्दर लिखते हैं- कृपया ध्यान दें- अगले कुछ पैरा में यह पुस्तक संस्मरण न होकर जीवनी बन जाएगी क्योंकि मैं वहां नहीं हूँ। पैरी को उम्मीद थी कि फ्रेंड्स, लवर्स एंड द बिग टेरीबिल थिंग को अंततः किताबों की दुकानों के उस हिस्से में रख दिया जायेगा जहाँ सेल्फ-हेल्प किताबें रहतीं हैं। वे चाहते थे कि 'फ्रेंड्स' में उनके काम को उनकी उपलब्धियों की सूची में काफी नीचे रखा जाए।

पर ऐसा हुआ नहीं।

पैरी के करियर से किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है। चैंडलर के रूप में वे मकबूल तो थे ही, जब यह सिटकाम अपनी लोकप्रियता के चरम पर था तब उन्हें हर एपीसोड के 10 लाख डालर मिला करते थे। उन्हें 'वेस्ट विंग', 'फ्रेंड्स के अंतिम सीजन और सन् 2007 की सीरीज 'द रोन क्लार्क स्टोरी' में उनके अभिनय के लिए एमी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया( द होल नाइन यार्ड्स' हिट था। उनका हर किरदार मजेदार हुआ करता था - चाहे वे लिजा कुडरो के शो 'वेब थैरेपी' में एली मेकबील रहे हों या कुछ और। वे 'स्टूडियो 60 ऑन द सनसेट स्ट्रिप', 'मिस्टर सनशाइन' और 2012 के सिटकाम 'गो ऑन' में अपनी भूमिकाओं को लेकर गर्वित महसूस करते थे। उन्होंने अपनी पुस्तक का लेखन समाप्त कर लिया था। अपने लंबे और कठिन संघर्ष के बाद उन्हें कुछ चैन और एक नई शुरूआत का मौका मिलना चाहिए था। उन्होंने स्क्रीनप्ले लिखना शुरू कर दिया था। वे भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित थे। परंतु उन्हें अपने जीवन के नाटक में दूसरा अंक खेलने का मौका नहीं मिला। वे यह करना चाहते थे, और उन्हें यह करने का मौका मिलना चाहिए था।

'फ्रेंड्स' की सार्वत्रिकता उनकी मृत्यु को और त्रासद बनाती है। क्या कई सितारे सिंडिकेशन और स्ट्रीमिंग के जरिए अमर नहीं हो जाते? परंतु वे हमारे बीच अपने पीछे ढ़ेर सारी खिलखिलाहट और हंसी छोड़ गए हैं। दूसरा चैंडलर कभी नहीं होगा। वे हमेशा जिंदा रहेंगे। मगर जब भी हम 'फ्रेंड्स' में उनकी हाजिरजवाबी को देखेंगे तब हम अपने आपको रोने से नहीं रोक सकेंगे। उनकी मौत ने इस लहूलुहान दुनिया से थोड़ी और हंसी छीन ली है।

## सू- दोकू क्र.083

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# चियान विक्रम की फिल्म थंगालान का टीजर रिलीज



चियान विक्रम की फिल्म थंगालान का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म के टीजर में विक्रम का खूंखार अवतार देखने को मिला है जो अपने हाथों से ही जहरीले किंग कोबरा के दो टुकड़े करते दिख रहे हैं। तलवार के साथ एक्टर का एक्शन मोड भी नजर आ रहा है। बता दें कि फिल्म थंगालान अगले साल 26 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी।

पोन्नियिन सेलवन 2 के बाद अब चियान विक्रम थंगालान में नजर आने वाले हैं। पा रंजीत के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में विक्रम एकदम हटके वाले अवतार में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म के टीजर से उनका अवतार रिवील हो गया है और अब फैंस को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। हालांकि अभी एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए ट्रेलर का आना बाकी है।

चियान विक्रम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने थंगालान का टीजर शेयर किया है। इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा- सोने का बेटा रोंगटे खड़े कर देने वाले थंगालान टीजर को रिलीज करते हुए उभर रहा है। वहीं इससे पहले एक्टर ने फिल्म का पोस्टर भी पोस्ट किया था। इसके साथ उन्होंने लिखा था- बीते युग की एक ज्वलंत कहानी जो बताए जाने और संजोए जाने के इंतजार में है। थंगालान का टीजर 1 नवंबर को रिलीज होगा। थंगालान 26 जनवरी, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में आ रही है।

थंगालन की स्टोरी के बारे में बात करें तो यह भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान कोलार गोल्ड फील्ड्स की एक सच्ची कहानी पर बेस्ड फिल्म है। फिल्म में विक्रम के साथ पार्वती और मालविका मोहनन भी लीड एक्ट्रेस के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा पशुपति, डैनियल कैल्टागिरोन और हरिकृष्णन अंबुदुरई भी थंगालन का हिस्सा हैं।(आरएनएस)



# मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शहीद स्थल कचहरी परिसर देहरादून में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के कठिन परिश्रम, प्रयासों, दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्प से ही उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा उत्तराखंड को विकल्प रहित संकल्प के मूल उद्देश्य के साथ सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायक खजान दास, राज्य आंदोलनकारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# रिलायंस ज्वैलर्स में हुई डकैती मामले में पुलिस को मिला बिहार के गैंग का इनपुट

हमारे संवाददाता

देहरादून। रिलाइंस ज्वैलरी शोरूम में हुई डकैती मामले में पुलिस को जांच के दौरान बिहार के एक गैंग का इनपुट मिला है। यह गैंग पहले भी देश के कई राज्यों में रिलायंस गोल्ड शाप्स पर इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुका है। आज सुबह राजपुर रोड स्थित रिलायन्स के ज्वैलरी शो-रूम में हुई डकैती की घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। जिसमें क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में सर्विलांस, सीसीटीवी व घटना के सम्बन्ध में जानकारी व संदिग्धों से पूछताछ हेतु अलग-अलग 4 टीमों का गठन किया गया। जिनके द्वारा पूर्व में घटित इस प्रकार की घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित करते हुए प्रकाश में आये गैंगो की अध्यतन स्थिति की जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी करने पर उडीसा, महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल तथा दिल्ली में भी रिलायन्स ज्वैलरी शो-रूम में इस प्रकार की घटनाएं होना प्रकाश में आया है। शुरूवाती जांच में घटना में संलिप्त आरोपियों के सम्बन्ध में पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं। जिसमें बिहार से सम्बन्धित गैंग का उक्त घटना में संलिप्त होना प्रकाश में आ रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा स्वयं पुलिस अधीक्षक नगर के साथ मिलकर गठित पुलिस टीमों के कार्यों की क्लोज मॉनिटरिंग की जा रही है।

# ईडी के सामने पेश हुए तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) के कार्यालय से बाहर आने के बाद गुरुवार को कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह राज्य में स्कूल रोजगार घोटाले की जांच में केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार हैं। अभिषेक बनर्जी बंगाल में कथित स्कूल रोजगार घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 10 मिनट पर कोलकाता में ईडी कार्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी दोपहर के ठीक बाद केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय से बाहर आये। टीएमसी सांसद ने कहा कि उन्होंने एजेंसी को लगभग छह हजार पन्नों का जवाब और उसके द्वारा मांगे गये सभी दस्तावेज सौंपे हैं। ईडी ऑफिस से बाहर निकलने के बाद तृणमूल कांग्रेस सांसद ने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने हमेशा जांच में सहयोग किया है। मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। अगर मुझे दोबारा समन भेजा गया तो मैं ईडी के सामने पेश होने के लिए तैयार हूं। मैंने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना विस्तृत जवाब सौंप दिया है।'' बता दें कि जांच एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी को समन भेजा था। इससे पहले ईडी ने 3 अक्टूबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था।

# यूकेएसएसएससी परीक्षा घोटालाः उच्च न्यायालय ने तीन आरोपियों की जमानत याचिका को किया खारिज

संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी परीक्षा घोटाले में गिरफ्तार तीन आरोपियों का उच्च न्यायालय नैनीताल ने जमानत प्रार्थना खारिज कर दिया।



आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा वर्ष 2016 में आयोजित की गयी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की परीक्षा में हुई धांधली के सम्बन्ध में सतर्कता सेक्टर देहरादून अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मुकदमें कि विवेचना सितम्बर 2022 में उत्तराखण्ड शासन द्वारा एसटीएफ को स्थान्तरित की गयी थी। एसटीएफ द्वारा मुकदमे की विवेचना में साक्ष्य एकत्र करते हुए उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष रघुबीर सिंह रावत, तत्कालीन सचिव मनोहर सिंह कन्याल एवं तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक राजेन्द्र सिंह पोखरिया को गिरफ्तार किया गया था तथा ये तीनों ही अधिकारी पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जेल में निरुद्ध हैं। इन तीनों अधिकारियों की पूर्व में विजिलेंस कोर्ट देहरादून द्वारा जमानत प्रार्थना पत्र खारिज किया गया था जिसके पश्चात उपरोक्त तीनों अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालय नैनीताल में जमानत याचिका लगाई गयी थी। जिनकी जमानत याचिका का विरोध में एसटीएफ द्वारा मुकदमे के विवेचना में आरोपियों के विरुद्ध एकत्रित किए गए सक्ष्यौं को उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर तीनों आरोपियों की जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया गया था जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा एसटीएफ के द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आज उक्त तीनों अधिकारियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ द्वारा बताया गया कि परीक्षा धांधली से जुड़े सभी मामलों में एसटीएफ द्वारा भिन्न भिन्न न्यायालयों में प्रभावी पैरवी की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप ऐसे सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा सकेगी।

# उत्तराखंड वेलनेस का एक बड़ा हब बन सकता हैः जोशी

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। योग और अध्यात्म के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड को वेलनेस का एक बड़ा हब बनाने के शुभ संकल्प के साथ संस्कार परिवार देवभूमि ट्रस्ट द्वारा उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रमों का आज राज्य के सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामना के साथ माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में विशेष पूजा अर्चना, तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का विश्राम और वन्दे मातरम ट्रेनिंग सेंटर पुरोला उत्तरकाशी में राज्य के ग्रामीण अंचलों के बच्चों को अंगवस्त्र, पुष्प का पौंधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।



दून योग पीठ देहरादून के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने कहा कुदरत ने देवभूमि को हिमालय, पवित्र गंगा यमुना जैसी पवित्र नदियां, चार धाम सहित हजारों पौराणिक महत्व के देवस्थल और 70% वन क्षेत्र हमको मुक्त हस्त से प्रदान किए हैं।

यदि योग और अध्यात्म के माध्यम से उत्तराखंड के गांवों को योग और आर्युवेद ग्राम के रूप में विकसित किया जाए, जगह जगह ध्यान और आयुर्वेदिक उपचार केंद्र खोले जाएं और संपूर्ण विश्व के लोगो को आमन्त्रित किया जाए तो उत्तराखंड वेलनेस का एक बड़ा हब बन सकता है जिससे संपूर्ण विश्व को स्वास्थ्य और स्थानीय लोगों को बंपर रोजगार मिल सकता है इच्छा शक्ति के साथ सही रोड मैप बनाकर इस पर कार्य किया जाए तो यह राज्य के लिए गेम चेंजर हो सकता है। मुख्य अतिथि डा० नरेश वर्मा भण्डारी ने पहाड़ के बच्चों के लिए आदर्श कार्य कर रहें बंदे मातरम ट्रेनिंग सेंटर के संस्थापक नायक राजेश सेमवाल, योग शिक्षक विनय कुमार, योग शिक्षिका विमला देशवाल, योगाचार्य गीता परिहार, सुनील देशवालआदि को सम्मानित किया।

# बिहार के मुख्यमंत्री महिलाओं के विरुद्ध अश्लील व अशोभनीय बयान पर इस्तीफा देंः कुसुम कण्डवाल

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण पर महिलाओं के लिए जो अपमानजनक शब्द प्रयोग किए गए वो अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने विधानसभा की गरिमा तथा मुख्यमंत्री पद को भी शर्मसार किया है। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि महिला आयोग इस घटना की घोर निन्दा करता है।

उन्होंने कहा कि नितिश कुमार द्वारा बिहार विधानसभा सदन के दौरान जनसंख्या पर रोकथाम विषय पर महिलाओं के लिए अश्लील व अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के प्रति इस तरह की भावना व बयान दिया जाना संवेदनहीन



प्रतीत होता है। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि जहां एक ओर भारत देश महिला सशक्तिकरण की ओर नए आयाम स्थापित करते हुए आगे बढ़ रहा हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के विरूद्ध इस तरह के बयान महिला सुरक्षा के दृष्टिगत गम्भीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री का यह बयान लोकतंत्र का अपमान है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्र की समस्त मातृशक्ति से माफी मांगते हुए तत्काल अपने पद को त्याग पत्र दे देना चाहिए।

वहीं उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष से भी इसमें कार्यवाही करने के लिए निवेदन किया है और कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति इस तरह की भावना महिला असुरक्षा एवं पुरूष की अभद्र मानसिकता को प्रदर्शित कर रहा है। महिलाओं के प्रति ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। इस सन्दर्भ में बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार को अपने पद से इस्तीफा देते हुए लिखित रूप में माफी मांगनी चाहिए।

## एक नजर

### तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की सांसदी पर लटकी तलवार

कोलकाता। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती चली जा रही हैं। एक ओर लोकसभा की एथिक्स कमेटी इस मामले में सुनवाई कर रही है तो वहीं, तृणमूल कांग्रेस और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने भी महुआ के समर्थन में अबतक कुछ भी नहीं बोला है। महुआ मोइत्रा के खिलाफ चल रहे मामले में लोकसभा की एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने भी अपडेट जारी किया है। उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे द्वारा की गई शिकायत और हीरानंदानी द्वारा सौंपे गए हलफनामे के बारे में, इससे पहले की दो बैठकों में हमने शिकायतों की जांच की और महुआ मोइत्रा का बयान भी दर्ज किया गया। इन सबके बाद आज एथिक्स कमेटी की बैठक हुई है। हम सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे और प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि समिति सभी तथ्यों के आधार पर निर्णय लेगी और प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष को भेजेगी। महुआ मोइत्रा मामले पर तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि एथिक्स कमेटी में काफी मामले पड़े हुए हैं। उन्होंने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा संसद में कहे गए अपशब्दों का मामला भी उठाया। अभिषेक ने कहा कि अगर कोई सदस्य सरकार पर सवाल उठाता है तो इस तरीके से उसे सांसद पद से हटाया जा रहा है। तृणमूल नेता ने कहा- मुझे लगता है कि महुआ मोइत्रा अपनी लड़ाई खुद लड़ने में सक्षम हैं।



### अस्पताल में महिला मरीज के ऊपर किया पेशाब!

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के जिला महिला अस्पताल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां हॉस्पिटल के वार्ड में कथित तौर पर एक शख्स ने महिला मरीज पर पेशाब कर दिया। हालांकि पुलिस ने बताया कि इस संबंध में शिकायत दर्ज कर शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। सर्कल ऑफिसर वैभव पांडे ने कहा कि हमने जिला अस्पताल के अंदर एक महिला पर पेशाब करने के आरोप में शाहपुर गांव के विकास सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। पीड़िता की शिकायत में बताया गया कि सुखपुरा गांव के एक स्थानीय निवासी ने बताया कि घटना मंगलवार रात की है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, उस व्यक्ति की पहचान विकास सिंह के रूप में की गई है, जो उस वार्ड में दाखिल हुआ था जिसमें पीड़िता भर्ती थी और जब वह बिस्तर पर लेटी थी तो उसने उस पर पेशाब कर दिया। बताते चलें कि ऐसा ही एक मामला 3 अक्टूबर को भी सामने आया था, जब संपर्क क्रांति ट्रेन के एसी-3 कोच में एक 19 वर्षीय यात्री ने शराब के नशे में गलती से एक बुजुर्ग दंपती पर पेशाब कर दिया था।



### मुजफ्फरनगर में 'शुक तीर्थ विकास परिषद' का होगा गठन

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में आज योगी कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में 14 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पहला प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण स्थापित करने का था। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमने राज्य स्तर पर यह प्राधिकरण बनाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि अयोध्या मे श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ विकास परिषद के गठन को मंजूरी मिली है। वहीं मां पटेश्वरी देवीपाटन विकास परिषद के गठन को भी कैबिनेट की ओर से हरी झंडी मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में मुजफ्फरनगर में शुक तीर्थ विकास परिषद के गठन को मंजूरी मिली है। जिसके साथ ही अयोध्या मे मांझा जमथरा में 25 एकड़ भूमि पर मंदिर म्यूजियम के निर्माण हेतु प्रस्ताव पास कर दिया गया है। वहीं अयोध्या शोध संस्थान को अंतराष्ट्रीय रामायण वैदिक शोध संस्थान के रूप मे विस्तारित करके स्थापित करने को मंजूरी मिली है। मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम योगी ने कहा कि बैठक के दौरान कैबिनेट ने हाथरस में दाऊजी लक्खी मेला को प्रांतिकरण करने का निर्णय, अयोध्या के सभी मेलों को प्रांतीय करण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। महिला सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ाते हुए सीएम योगी कैबिनेट ने प्रदेश में महिला स्वयंसेवी समूहों को उनके ही ब्लॉक में प्लांट लगाने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही ड्रोन पॉलिसी को मंजूरी दी है।



# राष्ट्रपति राजधानी में, चारों तरफ पुलिस का पहरा, डकैतों ने लूटा रिलाइंस ज्वैलरी स्टोर





संवाददाता

देहरादून। दिनदहाडे हथियार बंद बदमाशों ने रिलांयस ज्वैलरी शॉप में करोडों की डकैती की घटना को अंजाम दिया। उस समय शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी और बैखोफ बदमाश वहां से फरार हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पर राजपुर रोड पर सेंट जोजफ एकेडमी के सामने स्थित रिलांयस के ज्वैलरी शोरूम में कर्मचारियों सुबह दस बजकर 20 मिनट पर शोरूम खोला और वह शोरूम की साफ सफाई में लगे थी। इसी दौरान दस बजकर 25 मिनट पर एक व्यक्ति शोरूम में पहुंचा तथा कर्मचारियों से बात करने लगा इसी दौरान हथियारबंद दो बदमाश हाथों में पिस्टल लेकर वहां पहुंचे और उन्होंने सबसे पहले वहां पर तैनात गार्ड ह्यात सिंह की कनपटी पर पिस्टल लगा दी और कहा कि चुपचाप रहो नहीं तो गोली मार दी जायेगी। जिसके बाद उन्होने वहां पर मौजूद कर्मचारियों को एकत्रित कर शोरूम के अन्दर ही बनी कैन्टीन के अन्दर हथियारों के बल पर बंधक बनाकर बंद कर दिया। जिसके बाद उन्होंने वहां पर जमकर लूटपाट की और पूरा शोरूम खाली कर दिया और बैग में सारे जेवरात लेकर वहां से फरार हो गये। लगभग 11 बजे पुलिस को डकैती की घटना का पता चला। घटना के समय शोरूम में पांच युवतियां, एक गार्ड व दो पुरूष कर्मचारी मौजूद थे। दिनदहाडे डकैती की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया और आनन फानन में एसएसपी अजय सिंह, एसपी सिटी सरिता डोभाल, सीओ अभिनव चौधरी व बसंत विहार, कैण्ट, डालनवाला, नेहरू कालोनी, रायपुर, एसओजी देहात, एसओजी सिटी व फील्ड यूनिट के साथ अन्य थानों की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने जब कर्मचारियों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि बदमाशों ने नकाब पहन रखे थे तथा एक ने हैलमेट पहना हुआ था तथा दो के हाथों में पिस्टल थी। तीन बदमाश शोरूम के अन्दर आये तथा एक दरवाजे पर था तथा पांचवा नीचे सीढ़ी के पास खडा था। बदमाश लगभग आधा घंटा शोरूम में रहे और उसके बाद वहां से फरार हो गये। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार सीसीटीवी कैमरों में पुलिस को दो संदिग्ध बाईक दिखायी दी जिसमें बदमाश डोईवाला की तरफ जाते हुए दिखायी दिये। एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर पुलिस की टीमों को गठन कर बाहरी जनपदों पर रवाना कर दिया गया। पुलिस के अनुसार बदमाश वहां से 15 से 20 करोड की ज्वैलरी लूटकर ले गये हैं। जबकि राजधानी में राष्ट्रपति के आगमन पर शहर में चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात थी उसके बावजूद बदमाशों ने बेखौफ घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गये।

### गार्ड के पास नहीं था कोई हथियार, डंडे के सहारे चल रही थी रखवाली

देहरादून। रिलायंस ज्वैलरी शोरूम के गार्ड के पास कोई हथियार नहीं था तथा मात्र एक डंडे के सहारे करोडों रूपये के शोरूम की रखवाली चल रही थी। गौरतलब है कि राजपुर रोड पर स्थित रिलांयस ज्वैलरी शोरूम की रखवाली के लिए मात्र एक गार्ड हयात सिंह को रखा हुआ था तथा उसके पास भी कोई हथियार नहीं था। वह मात्र एक डंडे के सहारे वह करोडों रूपये के शोरूम की रखवाली कर रहा था। शायद इस बात को बदमाश भी जानते थे तभी उन्होंने बेखौफ वहां पर पहुंचकर घटना को अंजाम दिया था। पूरे कर्मचारियों में मात्र एक सफाई कर्मचारी था जिसने बदमाशों का विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर उसको भी शांत कर दिया था।

### महाराष्ट्र व उड़ीसा में भी पड़ चुकी है रिलायंस ज्वैलरी शोरूम में डकैती

देहरादून। महाराष्ट्र व उडीसा में भी इसी प्रकार से रिलांयस ज्वैलरी शोरूम में बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि जिस तरह से बदमाशों ने राजपुर रोड के रिलांयस ज्वैलरी शोरूम में घटना को अंजाम दिया है। उसी शैली से महाराष्ट्र व उडीसा में भी बदमाशों ने रिलांयस के ज्वैलरी शोरूम में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। जिससे लोकर गिरोह का इस घटना में होना नहीं माना जा रहा है। उन्होंने कहा की शीघ्र ही घटना का खुलासा कर बदमाशों को सलाखों के पीछे डाल दिया जायेगा।

### इससे पहले धनतेरस को बदमाशों ने विशाल मेगामार्ट को बनाया था निशाना

संवाददाता

देहरादून। इससे पहले भी बदमाशों से दीपावली से पहले धनतेरस पर विशाल मेगामार्ट पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। उल्लेखनीय है कि 3 नवम्बर 2010 को हथियार बंद बदमाशों ने धनतेरस के दिन दिलाराम चौक स्थित विशाल मेगामार्ट को निशाना बनाकर वहां पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद पुलिस ने बदमाशो की तलाश शुरू की तो उस लूट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात अमित भूरा का नाम सामने आया था और जिसके बाद पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार किया था।



### देवभूमि कहलाना गर्व की..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

साथ काबीना मंत्री धन सिंह रावत भी रहे। पूरे राज्य में जिला मुख्यालयों से लेकर ब्लाक व तहसील स्तर तक अनेक कार्यक्रमों की धूम रही। पूरे राज्य में जोश व उत्साह के साथ मनाया गया स्थापना दिवस।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
प्रधान संपादक
कांति कुमार
संपादक
पुष्पा कांति कुमार
समाचार संपादक
आनंद कांति कुमार
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।